7 Jul 2020

Social media
Share this article

# रायपुर : राज्य में आज 26 हजार 995 जरूरतमंदों को मिला निःशुल्क भोजन व खाद्यान्न पैकेट : 1558 मास्क और सेनेटाईजर भी वितरित

रायपुर, 07 जुलाई

कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन की वजह से उत्पन्न परिस्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में गरीबों, श्रमिकों और निराश्रित लोगों को निःशुल्क भोजन व खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराए जाने का सिल जारी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप जरूरतमंदों की मदद के लिए जिलों में संचालित क्वारेंटाईन सेंटर एवं राहत शिविरों में 7 जुलाई को 26 हजार 995 जरूरतमंदों, श्रमिकों और निराश्रि निःशुल्क भोजन एवं खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराया गया। जिला प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए जरूरतमंद लोगों को मॉस्क, सेनेटाईजर एवं अन्य उ सामग्री का वितरण भी किया जा रहा है। प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से आज 7 जुलाई को 1558 मास्क, सेनेटाईजर और साबुन आदि का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन शुरू होने से लेकर अब तक जिलों में प्रशासन द्वारा समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से संचालित राहत शिविरों के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में एक करोड़ 9 लाख 32 836 लोगों को निःशुल्क भोजन एवं खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराया गया है। स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए अब तक 49 लाख 95 हजार 377 मास्क सेनेटाईजर औ सामग्री का निःशुल्क वितरण जन सामान्य को किया गया है।

क्रमांक-2393/

TAGS:

Print this article